वार्षिक परीक्षा

कक्षा - ग्यारहवीं

विषय- व्यवसाय अध्ययन

समय- 3 घंटे पूर्णांक - 90

नोट-सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। निर्धारित अंकों को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखिए।

1) प्रश्न क्र. 01 से 08 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रश्नों पर 01 अंक निर्धारित हैं।
2) प्रश्न क्र. 09 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्नों पर 03 अंक हैं। (शब्द सीमा - 40 शब्द)
3) प्रश्न क्र. 15 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्नों पर 04 अंक हैं। (शब्द सीमा - 75 शब्द)
4) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्नों पर 05 अंक हैं। (शब्द सीमा - 100 शब्द) सभी प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं।
5) प्रश्न क्र. 24 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्नों पर 06 अंक हैं। (शब्द सीमा - 120 शब्द) सभी प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं।

प्रश्न 1. आर्थिक क्रियाएँ किसे कहते हैं ?

प्रश्न 2. दायभाग प्रणाली क्या है ?

प्रश्न 3. सरकारी कंपनी से आपका क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 4. व्यवसाय में अंशधारी से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 5. ऋणपत्रधारियों का प्रतिफल क्या है ?

प्रश्न 6. कुटीर उद्योग किसे कहते हैं ?

प्रश्न 7. आंतरिक व्यापार का अर्थ बताओ।

प्रश्न 8. जहाजी बिल्टी क्या है ?

प्रश्न 9. विदेशी व्यापार के कोई पाँच महत्व को समझाइए।

प्रश्न 10. लघु उद्योग में औद्योगिक रुग्णता पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 11. वातावरण क्या है ? वातावरण प्रदूषण क्या है ?

प्रश्न 12. बैंक सेवा के कोई पाँच लाभ बताइए।

प्रश्न 13. संयुक्त क्षेत्र किसे कहते हैं ? उसके लाभ बताइए।

प्रश्न 14. व्यावसायिक जोखिम क्या है ? इसकी प्रकृति क्या है ?

प्रश्न 15. निजी एवं सार्वजनिक कंपनी में अंतर बताइए।

प्रश्न 16. सहकारी समिति के चार गुण तथा दोष बताइये।

प्रश्न 17. ई-व्यवसाय के लाभ बताइये। (कोई पाँच)

प्रश्न 18. अंश पूँजी एवं ऋण पूँजी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. विभागीय भण्डार तथा बहुसंख्यक दुकान में अंतर बताइए।

प्रश्न 20. विश्व व्यापार संगठन पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 21. ग्रामीण भारत में लघु व्यवसाय की भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में लघु एवं कुटीर उद्योग के सम्मुख समस्याओं की विवेचना कीजिए ।

प्रश्न 22. व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व के पक्ष में तर्क दीजिये ।

अथवा

व्यवसायिक नीतिशास्त्र की व्यवसाय में क्या आवश्यकता है ? इसके महत्व की व्याख्या कीजिए । https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 23. उद्योगों के प्रकार का वर्गीकरण कीजिए ।

अथवा

व्यापार, वाणिज्य एवं उद्योग में अंतर बताइए ।

प्रश्न 24. एकाकी व्यापार की विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

एकल स्वामी फर्म से आप क्या समझते हैं ? इनकी सीमाओं को समझाइए ।

प्रश्न 25. बीमा क्यों आवश्यक है ? इसके लाभों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

बैंको का महत्व बताइए ।

प्रश्न 26. "वित्त व्यवसाय का जीवन-रक्त है ।" इस कथन के साक्ष्य में वित्त के महत्व को समझाइए ।

अथवा

ऋणपत्रों को निर्गमित करने के क्या लाभ-हानि हैं ?

प्रश्न 27. थोक व्यापार से आप क्या समझते हैं ? इसके गुण-दोष बताइए ।

अथवा

सुपर बाजार पर एक टिप्पणी लिखिए ।